Azadi Ka Amrit Mahotsav

कार्यालय प्राचार्य, शहीद श्री मुकुट बिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय, खानपुर, जिला–झालावाड़ (राज.)

E-mail: gckhanpur01@gmail.com

क्रमांक : रामखा/2021–22/431

दिनांक : 25/06/2022

प्रेस नोट

शहीद श्री मुकुट बिहारी मीणा राजकीय महाविद्यालय खानपुर में सत्र 2022–23 के लिए बी.ए. प्रथम वर्ष के लिए online प्रवेश कार्य दिनांक: 27/06/2022 से शुरु होंगे। प्राचार्य श्री उषा जैन ने बताया कि ऑनलाईन आवेदन की अंतिम दिनांक : 09/07/2022 है। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेज जैसे 10, 12 वीं अंकतालिका, जाति प्रमाण पत्र (EWS/OBC/MBC/ST/SC), मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक डायरी, फोटो एवं आधार/जनआधार कार्ड के साथ ई मित्र पर जाकर आवेदन कर सकते है। प्रवेश कार्यक्रम संयोजक श्री महेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार विद्यार्थी राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए नियमित प्रवेश ले सकते है। किसी विद्यार्थी के पिता की मौत कोरोना से हुई हो अथवा वह शहीद का आश्रित हो तो उसे न्यूनतम उत्तीर्णांक पर प्रवेश दिया जायेगा। राजस्थान पुलिस के कार्मिकों व पूर्व कार्मिकों के पुत्र/पुत्री/पत्नी को पूर्व आरक्षित वर्गों के अतिरिक्त 3 प्रतिशत आरक्षण देय होगा। प्रवेश समिति सदस्य मोनू मीणा ने बताया कि महाविद्यालय में उपलब्ध विषय समूह, विषयवार सीटों की संख्या, विषय संयोजन, शुल्क निर्धारण एवं प्रवेश नीति अनुसार आरक्षित सीटों का विवरण आदि प्रवेश कार्यक्रम से संबंधित समस्त जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट https://hte.rajasthan.gov.in/college/gckhanpur के admission menu पर अपलोड कर दी गयी है। अधिक जानकारी के लिए प्रवेशार्थी महाविद्यालय कार्यालय में भी सम्पर्क कर सकते है।

उषा जैन 25/06/2022
उषा जैन
प्राचार्य
श. श्री. मु. बि. मीणा राजकीय महाविद्यालय,
खानपुर (झालावाड़)

दिनांक : 25/06/2022

क्रमांक : रामखा/2021–22/432-435

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित है–

1. श्रीमान् संपादक महोदय राजस्थान पत्रिका
2. श्रीमान् संपादक महोदय दैनिक भास्कर
3. श्रीमान् संपादक महोदय दैनिक नवज्योति
4. श्रीमान् संपादक महोदय दिव्य आधार

उषा जैन
प्राचार्य
श. श्री. मु. बि. मीणा राजकीय महाविद्यालय,
खानपुर (झालावाड़)